दिन– सोमवार दिनांक– 20 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न। लगभग छप्पन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

02. विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी, लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और लालू यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य समेत अस्सी उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में हुआ सील।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी को दी श्रद्धांजलि। श्री मोदी कल गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी मैदान में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में बदला मौसम। अररिया, मुजफ्फरपुर, वैशाली सहित विभिन्न जिलों में हुई बारिश।

————————————————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफफरपुर, सारण और हाजीपुर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। मतों की गिनती चार जून को होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि लगभग छप्पन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि यह अनुमानित आंकड़ा है।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक मुजफ्फरपुर में अट्ठावन दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, सीतामढ़ी में सत्तावन दशमलव पांच पांच, हाजीपुर में छप्पन दशमलव आठ चार, सारण में चौवन दशमलव पांच शून्य और मधुबनी में बावन दशमलव दो शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है। पांचवें चरण के मतदान के बाद राज्य के चालीस में से चौबीस लोकसभा क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो गया है। बाकी बचे दो चरणों के तहत छठे चरण का मतदान पच्चीस मई जबकि सातवें और आखिरी चरण का मतदान एक जून को होगा।

————————————————————

पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के तहत पांच संसदीय क्षेत्रों में छह महिला उम्मीदवारों समेत कुल अस्सी प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में विधान परिषद

के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी, लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और लालू यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य की प्रतिष्ठा दांव पर है। राजद के अली अशरफ फातमी, शिव चन्द्र राम और अर्जुन राय तथा कांग्रेस के अजय निषाद की चुनावी किस्मत का भी फैसला होना है। भाजपा के निवर्तमान सांसद अशोक यादव भी मधुबनी से चुनाव मैदान में है।

————————————————————————————

मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर वोटिंग की। ताजा अपडेट के लिए रूख करते हैं हमारे संवाददाता कौशल किशोर कौशिक का। जी कौशिक

———बाईट———

————————————————————————————

हाजीपुर में भी लोकतंत्र के पर्व की उत्साहपूर्ण तस्वीर देखी गयी। विशेष जानकारी के लिए चलते हैं हमारे संवाददाता मनोज कुमार सिंह के पास। मनोज बताये कैसा रहा मतदान......

———बाईट———

हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढ़ंग से मतदान संपन्न हो गया। इसके साथ ही एनडीए प्रत्याशी और लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान तथा राजद के शिवचंद्र राम सहित 14 प्रत्याशियों कि किस्मत ई वी एम में बंद हो गई। संसदीय क्षेत्र के लालगंज, राजापाकर और हाजीपुर सहित विभिन्न प्रखंडों में स्थित बूथों पर सुबह से ही कतारबद्ध होकर पुरुष –महिला और युवा मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का निर्वाह किया। इस दौरान जिलाधिकारी यशपाल मीणा और पुलिस अधिक्षक हरिकिशोर राय लगातार विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। कई केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गयी थी।

————————————————————————————

सीतामढ़ी संसदीय क्षेत्र में मतदान सम्पन्न हो गया। ज्यादा जानकारी के लिए चलते है, हमारे संवाददाता राजेश कुमार के पास। राजेश कैसा रहा युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह और उमंग।

———बाईट———

सीतामढ़ी संसदीय सीट के लिए 1932 मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोट डाले गए। इसके साथ ही 14 प्रत्याशीयों की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो गया है। मौसम बेहतर होने के चलते दोपहर में भी मतदाताओं की लंबी लंबी कतारें मतदान केंद्र पर देखी गई। सभी मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किये गये थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रिची पांडेय और पुलिस अधीक्षक मनोज तिवारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान प्रक्रिया की निगरानी की। मताधिकार को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। युवा मतदाता भी वोट को लेकर काफी उत्साहित देखे गए।

————————————————————————————

सारण संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। सीधे रूख करते हैं हमारे संवाददाता पवन कुमार सिंह का।

———बाईट———

राज्य की राजनीति में हॉट सीट मानी जा रही सारण संसदीय सीट के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदाताओं ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री रोहिणी आचार्य समेत चौदह उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला तय कर दिया है। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता, बुजुर्ग, महिला और दिव्यांग मतदाताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। जिले में बनाये आदर्श, महिला और विशेष बूथों पर मतदान की उत्साहवर्द्धक तस्वीरें दिखी।

———————————————————————————

मधुबनी संसदीय क्षेत्र में विभिन्न बूथों पर मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। कैसा रहा मतदान जानने के लिए सीधे रूख करते हैं हमारे संवाददाता आकिल हुसैन का। आकिल बताये आज मतदान क्या रहा माहौल।

———बाईट———

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। इसके साथ ही एनडीए के अशोक कुमार यादव और राजद के अली अशरफ फातमी समेत बारह प्रत्याशियों की चुनावी किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी है। जिले के हरलाखी, बेनीपट्टी, मधुबनी और बिस्फी विधानसभा क्षेत्रों के साथ ही दरभंगा जिला के अन्तर्गत आने वाले जाले और केवटी विधानसभा क्षेत्रों में सभी मतदान केन्द्रों पर लोगों ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान मधुबनी के जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार समेत विभिन्न अधिकारी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करते देखे गये। कुछ बूथों पर ईवीएम की गड़बड़ी की शिकायत मिली, जिसे तुरंत बदल दिया गया।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर पहले दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। श्री मोदी पटना हवाई अड्डे से सीधे भाजपा के दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी के राजेन्द्र नगर स्थित आवास के लिए रवाना हो गये। यहां पहुंचकर उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। श्री मोदी के भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक का भी कार्यक्रम निर्धारित है। वे आज पटना स्थित राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री कल सीवान और महारागंज की सीमा पर स्थित गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री इन दोनों जनसभाओं में पूर्वी चम्पारण से राधामोहन सिंह, पश्चिमी चम्पारण से संजय जायसवाल, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, शिवहर से लवली आनंद, और सीवान से विजयलक्ष्मी देवी के समर्थन की लोगों से अपील करेंगे।

———————————————————————————

छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि इस चुनाव में हर ओर एनडीए की लहर है। श्री शाह ने हरियाणा के झज्झर में एक चुनावी

सभा को संबोधित करते हुये कहा कि चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी का कोई नाम लेने वाला नहीं होगा।

———बाईट————

————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने एनडीए नेतृत्व पर लोगों को बेकार के मुद्दों में उलझाने का आरोप लगाया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री यादव ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को जनता के बुनियादी मसलों से कोई नाता नहीं रहा है। वे केवल इधर–उधर की बातें कर रहे हैं।

———बाईट———

————————————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वाल्मिकीनगर संसदीय क्षेत्र के मैंनाटांड में एनडीए प्रत्याशी सुनील कुमार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकार ने बिना भेदभाव के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। श्री कुमार ने सीवान में भी चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली और आरा लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं की। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने पूर्वी चंपारण, शिवहर, वाल्मिकीनगर, गोपालगंज और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वाम दलों भाकपा, माकपा और माले के वरिष्ठ नेताओं ने भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार किया।

————————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात सासाराम लोकसभा सीट की। सासाराम बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट————

————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में अचानक आये बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अररिया, मुजफ्फरपुर, वैशाली समेत राज्य

के अधिकतर भागों में बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय सिस्टम के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में नमी युक्त हवा का प्रवाह हो रहा है। जिसके कारण बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि कटिहार, बांका, भागलपुर, मुंगेर, किशनगंज, अररिया समेत राज्य के पूर्वी भागों में कई स्थानों पर अगले दो दिनों के दौरान मेजगर्जन के साथ वज्रपात की सम्भावना है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न। लगभग छप्पन प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।
02. विधान परिषद के सभापति देवेश चन्द्र ठाकुर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी, लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान और लालू यादव की पुत्री रोहिणी आचार्य समेत अस्सी उम्मीदवारों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में हुआ सील।
03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी को दी श्रद्धांजलि। श्री मोदी कल गोरियाकोठी और मोतिहारी के गांधी मैदान में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित।
04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में बदला मौसम। अररिया, मुजफ्फरपुर, वैशाली सहित विभिन्न जिलों में हुई बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।